## Sujas Quiz – 165 (03 Aug 2026)

**प्रश्न : 1 - किसानों को जैविक उत्पादों का बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजस्थान के किन तीन शहरों में 'ऑर्गेनिक फूड मार्केट' स्थापित किए जा रहे हैं?**

(A) जयपुर, अजमेर और बीकानेर
(B) जोधपुर, कोटा और उदयपुर
(C) अलवर, भरतपुर और सीकर
(D) जयपुर, जोधपुर और उदयपुर

**Answer :- (B) जोधपुर, कोटा और उदयपुर।**
**व्याख्या :** राजस्थान में किसानों को जैविक उत्पादों का बेहतर बाजार उपलब्ध कराने और आमजन को जैविक कृषि उत्पाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से **तीन शहरों में 'ऑर्गेनिक फूड मार्केट'** स्थापित किए जा रहे हैं: **जोधपुर, कोटा और उदयपुर।** इसकी घोषणा राज्य बजट 2026-27 में की गयी थी।

---

**प्रश्न : 2 - राज्य सरकार द्वारा पशुपालकों के लिए संचालित 'गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना' के तहत अधिकतम कितनी राशि तक का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जा रहा है?**

(A) 1 लाख रुपये
(B) 50 हजार रुपये
(C) 2 लाख रुपये
(D) 5 लाख रुपये

**Answer :- (A) 1 लाख रुपये।**
**व्याख्या :** राजस्थान सरकार की **'गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना'** के तहत पशुपालकों को अधिकतम **₹1 लाख तक का ब्याज-मुक्त अल्पकालीन ऋण** दिया जा रहा है। यह योजना **किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) की तर्ज पर** शुरू की गई थी। ऋण का उपयोग डेयरी/पशुपालन से जुड़ी गतिविधियों—जैसे पशु शेड, खेली तथा दूध/चारा संबंधी उपकरण—के लिए किया जा सकता है।

---

**प्रश्न : 3 - 'कॉमनवेल्थ पीस मेडिएशन एंड रूल ऑफ लॉ' विषय पर 31 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन राजस्थान में कहां किया गया?**

(A) जैसलमेर
(B) जयपुर
(C) उदयपुर
(D) जोधपुर

**Answer :- (B) जयपुर**
**व्याख्या : 'Commonwealth Peace Mediation Conference (CPMC) 2026'** का आयोजन **31 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक जयपुर, राजस्थान** में किया गया।
**थीम:** *Peace Mediation and the Rule of Law*
**उद्घाटन:** भारत के मुख्य न्यायाधीश **जस्टिस सूर्यकांत**

---

**प्रश्न : 4 - प्रदेश में गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा कौन सी योजना संचालित की जा रही है?**

(A) मुख्यमंत्री मातृ वंदना योजना
(B) जननी सुरक्षा वाउचर योजना
(C) माँ वाउचर योजना
(D) यशोदा सोनोग्राफी योजना

RAJASTHAN CURRENT AFFAIRS www.rajasthancurrentaffairs.in

**Answer :- (C) माँ वाउचर योजना**
**व्याख्या :** प्रदेश में गर्भवती महिलाओं को निजी व सरकारी केंद्रों पर निशुल्क सोनोग्राफी सुविधा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा **मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मा) वाउचर योजना** (या **मां वाउचर योजना**) संचालित की जा रही है। इसके तहत महिलाओं को क्यूआर कोड आधारित ई-वाउचर दिए जाते हैं।

---

**प्रश्न : 5 - पंच गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला - एक उत्पाद' के तहत राजसमन्द जिले का उत्पाद कौन सा है?**
(A) कोटा डोरिया
(B) सेण्ड स्टोन
(C) गार्लिक प्रोडक्ट
(D) ग्रेनाईट एवं मार्बल के उत्पाद

**Answer :- (D) ग्रेनाईट एवं मार्बल के उत्पाद**
**व्याख्या :**

---

RAJASTHAN
CURRENT AFFAIRS
www.rajasthancurrentaffairs.in